NBT PAGE 6

बीएड प्रवेश परीक्षा 2020-22 का परिणाम घोषित

टॉपटेन में शहर के ओम भुवन

■ एनबीटी, लखनऊः लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित संयुक्त प्रवेश-परीक्षा बीएड 2020-22 का शनिवार को परिणाम जारी हो गया है। सीतापुर के पंकज कुमार 299.333 अंकों के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर रहे हैं। वहीं, सीतामणि के अजय कुमार 295 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं लखनऊ के ओम भुवन राय 290.667 अंक हासिल कर सातवें स्थान पर आए हैं।

परीक्षा के चेयरमैन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि कोरोना महामारी की वजह से परीक्षा का सुरक्षित आयोजन एक बड़ी चुनौती थी। कुलपति ने बताया कि यह प्रवेश-परीक्षा परिणाम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www. lkouniv.ac.in पर अपलोड किया गया है। सभी अभ्यर्थी, लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर लॉगिन करके अपना प्राप्तांक, स्टेट रैंक, कैटेगरी रैंक प्राप्त कर सकते हैं।

कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने जारी किया रजिल्ट

पांच अभ्यर्थियों के रिजल्ट निरस्त : कुल 4,31,904 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इस परीक्षा में 74,203 अभ्यर्थी दोनों पालियों की परीक्षा में अनुपस्थित रहे। परीक्षा में कुल पांच अभ्यर्थी अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पाए गए, जिनका परिणाम निरस्त कर दिया गया है। कुल 3,56,946 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा की दोनों पालियों में सम्मिलित हुए, जिनका परिणाम वेबसाइट पर जारी किया गया है।

दस दिन आगे बढ़ सकती है काउंसलिंग

बीएड की काउंसलिंग 21 सितंबर से शुरू होनी है। इसको लेकर फाइनल इयर के स्टूडेंट्स काफी परेशान हैं, क्योंकि उनकी परीक्षाएं अब तक शुरू नहीं हुई हैं। ऐसे में उन्हें डर है कि वे सरकारी कॉलेज में दाखिला लेने से वंचित रह जाएंगे। फाइनल इयर के विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए एलयू प्रशासन काउंसलिंग की तारीख आगे बढ़ाने पर मंथन कर रहा है।

एलयू बीएड प्रवेश परीक्षा समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि काउंसलिंग की तारीख को आगे बढ़ाने के संबंध में बात की जाएगी। हालांकि, काउंसलिंग की तारीख 10 दिन आगे बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। प्रो. बाजपेई ने बताया कि कोविड-19 को देखते हुए काउंसलिंग ऑनलाइन करवाई जाएगी।

DAINIK JAGRAN PAGE 1

कोरोना काल में शिक्षा | कंडक्ट ऑफ क्लास, 'क्रिएशन ऑफ कंटेंट' और 'कनेक्ट विद स्टूडेंट्स' पर जोर

'श्री सी मॉडल' की मदद से पूरा करेंगे पाठ्यक्रम

प्रो. आलोक कुमार राय

कोरोना को हराना है

कोरोना महामारी ने लगभग सभी शिक्षण संस्थाओं के शैक्षिक वातावरण के लिए अप्रत्याशित असमंजस उत्पन्न कर दिया है। सबसे बड़ी चुनौती विश्वविद्यालय के लिए पठन-पाठन को सुचारु रूप से संचालित करना था। इस संकट का सफलता से सामना करने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय ने 'श्री सी मॉडल' का प्रारूप तैयार किया, जिसके अंतर्गत 'कंडक्ट ऑफ क्लास', 'क्रिएशन ऑफ कंटेंट' और 'कनेक्ट विद स्टूडेंट्स' रखे गए।

विश्वविद्यालय ने अपने शिक्षकों एवं छात्रों को मानसिक रूप से ऑनलाइन कक्षाओं के लिए तैयार किया, जिससे पाठ्यक्रम पूरा किया जा सके। साथ ही साथ छात्रों के ज्ञानार्जन में बढ़ोतरी होती रहे। इसके बाद अधिसंख्य शिक्षकों ने अन्य तकनीकी माध्यमों को अपनाकर पढ़ाई संभव की। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शिक्षकों की मदद से वेबसाइट एवं अन्य टेक्नोलॉजी के जरिए ई-कंटेंट को छात्रों तक पहुंचाया। यह सुविधा लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों तक ही नहीं, अन्य संबद्ध कॉलेजों के लिए भी उपलब्ध हुई। सभी विभागों ने अपना यू-ट्यूब चैनल शुरू किया, जिससे वीडियो लेक्चर्स आसानी से छात्रों को उपलब्ध कराए गए। इसी क्रम में लाइब्रेरी सुविधा को देखते हुए ई-बुक एवं ई-जर्नल्स की पहुंच सुनिश्चित कराई, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में भी छात्रों को इसकी सुविधा प्राप्त हो सके। वहीं, कनेक्ट विद स्टूडेंट्स' के तहत नई योजनाओं का संचालन किया गया, जिससे छात्र, शिक्षकों से अपनी समस्याओं का निराकरण आसानीपूर्वक कर सकें। इसमें स्टूडेंट ओपीडी, ट्री योजना, कर्मयोगी योजना एवं उद्यमिता योजनाएं शामिल है।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्वयं को शिक्षण एवं पठन-पाठन कार्य के लिए पूर्ण रूप से तैयार कर लिया है। कक्षाएं अपने उद्देश्य की प्राप्ति में प्रभावी योगदान कर सकें, इसके लिए लखनऊ विश्वविद्यालय ने नया प्रारूप तैयार किया। फ्लिप क्लास मॉडल के अंतर्गत छात्र घर पर विद्वान अध्यापकों द्वारा तैयार किए गए पठन-पाठन सामग्री से विषय का आधार तैयार कर लें फिर अपने प्रश्नों के लिए विश्वविद्यालय आकर शिक्षकों से संपर्क कर शंका का निदान कर सकेंगे। दूसरा महत्वपूर्ण कदम 'हाइब्रिड क्लास प्रारूप' है, जिसके अंतर्गत शिक्षण कार्य के लिए छात्रों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों की सुविधा प्रदान की गई है। इससे कुछ छात्र कक्षा में व कुछ छात्र ऑनलाइन एक ही समय में एक ही कक्षा के सहभागी हो सकते हैं। इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विश्वविद्यालय ने 'स्लेट' नाम से अपना लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम बनाया, जिसे विश्वविद्यालय के उपरोक्त 'श्री सी' मॉडल को एकीकृत रूप में देखा जा सकता है और इसी के माध्यम से हम बच्चों को बहुत बेहतर माहौल देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

(लेखक लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति हैं।)

बीएड प्रवेश परीक्षा में सीतापुर के पंकज कुमार ने किया टॉप

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को संयुक्त प्रवेश परीक्षा-बीएड 2020 का परिणाम जारी कर दिया। सीतापुर के पंकज कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप किया है। 299.333 अंकों के साथ वह प्रदेश में पहले स्थान पर रहे। वहीं, सीतामढ़ी (बिहार) के अजय कुमार 295 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

पंकज कुमार

राज्य समन्वयक उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2020 के चेयरमैन व लविवि कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने रिजल्ट घोषित करते हुए बताया कि परिणाम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि कोरोना महामारी के चलते परीक्षा का आयोजन एक बहुत बड़ी चुनौती थी। कोरोना संक्रमण के बीच सुरक्षित तरीके से प्रदेश के 73 जनपदों में परीक्षा कराई गई।

i-NEXT PAGE 2

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने घोषित किया बीएड एंट्रेंस एग्जाम का रिजल्ट

राजधानी के ओम भुवन राय को सातवीं पोजीशन

सीतापुर के पंकज कुमार ने पाया पहला स्थान

लखनऊ यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर रिजल्ट अपलोड किया गया

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW(5 Sept): लखनऊ यूनिवर्सिटी ने शनिवार को बीएड एंट्रेंस एग्जाम 2020-22 का रिजल्ट घोषित किया, जिसमें सीतापुर के पंकज कुमार ने 299. 33 मार्क्स के साथ पहला स्थान हासिल किया. वहीं राजधानी के ओम भुवन राय 290.66 मार्क्स के साथ सातवीं पोजीशन पर रहे.

PIC: DAINIK JAGRAN-I NEXT

● एलयू ने जारी किया रिजल्ट.

एग्जाम कराना था चुनौती

एलयू वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने एग्जाम की घोषणा करते हुए कहा कि कोरोना संक्रमण के कारण सुरक्षित तरीके से एग्जाम कराना एक बड़ी चुनौती था. यह एग्जाम प्रदेश के 73 जनपदों में आयोजित कराया गया और इस दौरान संक्रमण से बचने के पूरे इंतजाम किए गए थे. दो शिफ्ट में एग्जाम कराया गया और एक शिफ्ट के बाद पूरे सेंटर को ठीक से सेनेटाइज कराया गया. कैंडीडेंट्स को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए एग्जाम रूम में बैठाया गया था.

रिजल्ट वेबसाइट पर अपलोड

वीसी आलोक कुमार राय ने बताया कि रिजल्ट एलयू की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है. कैंडिडेट www.lkouniv.ac.in वेबसाइट पर लॉगइन करके अपना रिजल्ट देख सकते हैं. इस एग्जाम में कुल पांच कैंडीडेट्स अनुचित साधनों का प्रयोग करते मिले, जिस कारण उनका रिजल्ट निरस्त कर दिया गया है.

ये हैं प्रदेश के टॉपर्स

रैंक	नाम	मार्क्स	जिला
1	पंकज कुमार	299.333	सीतापुर
2	अजय कुमार	295	सीतामणि
3	अमर सिंह	294.666	आजमगढ़
4	मनीषा मिश्रा	293.333	झांसी
5.	सुयश दीक्षित	291.334	हरदोई
6	प्रशांत यादव	290.667	गाजीपुर
7	ओम भुवन राय	290.667	लखनऊ
8	मो. अजमान खान	288	मेरठ
9	नेहा अग्रवाल	288	फिरोजाबाद
10	राम अवतार	287.666	आगरा

"मैं सीजीएल की तैयारी कर रहा हूं, इसलिए जीके, रीजनिंग और मैथ्स की अच्छी प्रैक्टिस है. मैंने एग्जाम से तीन माह पहले ही इस एग्जाम की पूरे मन से तैयारी शुरू कर दी थी. रोज दिन में तीन से चार घंटे लगातार पढ़ाई करता था. तैयारी करते समय हमेशा यही लक्ष्य मन में रहता था कि मुझे गवर्नमेंट कॉलेज में एडमिशन लेना है. आज मेरी मेहनत सफल हो गई.

ओम भुवन राय, 7वीं पोजीशन

जल्द घोषित होगी काउंसिलिंग की डेट

प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि ऑनलाइन ऑफ कैंपस काउंसिलिंग की डेट और संपूर्ण डिटेल जल्द एलयू की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी. कैंडीडेट्स को सीटों का आवंटन मूल आवेदन में भरे गए विषय वर्ग के आधार पर किया जाएगा.

इसे भी जानें

● एग्जाम के लिए कुल 4,31,904 कैंडीडेट्स रजिस्टर्ड थे

● एग्जाम में 3,57,701 अभ्यर्थी शामिल हुए

● दोनों शिफ्ट में एग्जाम न देने वाले स्टूडेंट्स की संख्या 74,203 थी

सरकारी कॉलेज में एडमिशन से न चूक जाएं

बीएड एंट्रेंस एग्जाम का रिजल्ट तो जारी कर दिया गया है लेकिन इसकी काउंसिलिंग डेट अभी परिवर्तित हो सकती है. फिलहाल 21 सितंबर से काउंसिलिंग प्रस्तावित है. बताते चलें कि काउंसिलिंग को लेकर वे स्टूडेंट्स काफी परेशान हैं जिनका अभी यूजी का एग्जाम होना है. उन्हें डर है कि कहीं वे सरकारी कॉलेज में एडमिशन लेने से वंचित न रह जाएं.

एलयू काउंसिलिंग डेट पर शासन से करेगा बात

स्टूडेंट्स की जायज समस्या को देखते हुए एलयू काउंसिलिंग डेट आगे बढ़ाने पर मंथन कर रहा है. एलयू बीएड प्रवेश परीक्षा की समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेई ने बताया कि हम काउंसिलिंग डेट आगे बढ़ाने के मामले में शासन से बात करेंगे. हम काउंसिलिंग डेट 10 दिन आगे बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं.

HINDUSTAN PAGE 7

बीएड में प्रवेश के लिए काउंसलिंग जल्द होगी: कुलपति

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति परीक्षा के चेयरमैन प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए प्रदेश के 73 जनपदों में परीक्षा आयोजित करायी गयी थी।

ऑनलाइन आफ-कैम्पस काउंसलिंग प्रक्रिया की सम्भावित तिथि एवं काउंसलिंग सम्बन्धित अन्य सम्पूर्ण विवरण उसी वेबसाइट पर शीघ्र ही प्रदर्शित कर दिया जायेगा। अभ्यर्थियों को विभिन्न महाविद्यालयों में सीटों का आवंटन उनके द्वारा मूल आवेदन पत्र में भरे गए विषय वर्ग के अनुसार किया जायेगा। किसी भी दशा में, किसी भी स्तर पर, विषय-वर्ग परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा।

पांच के परीक्षा फल निरस्त : परीक्षा के लिए कुल 4,31,904 अभ्यर्थी पंजीकृत हुए थे, जबकि परीक्षा में 3,57,701 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। 74,203 अभ्यर्थी दोनों पालियों की परीक्षा में अनुपस्थित रहे।

कुल पांच अभ्यर्थी अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पाये गये, जिनका परीक्षाफल निरस्त कर दिया गया है। कुल 3,56,946 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा की दोनों पालियों में सम्मिलित हुए। इनका परिणाम बेवसाइट पर प्रदर्शित किया जा रहा है।

बीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित करते लखनऊ विवि के कुलपति व अन्य।

05 अभ्यर्थी अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पाये गये

02 पालियों में 3,56,946 अभ्यर्थी परीक्षा शामिल हुए

टॉपर पंकज

ये बने टॉपर

रैंक	नाम	अंक	जिला
1.	पंकज कुमार	299.333	सीतापुर
2.	अजय कुमार	295	सीतामढ़ी (बिहार)
3.	अमर सिंह	294.666	आजमगढ़
4.	मनीषा मिश्रा	293.333	झांसी
5.	सुयश दीक्षित	291.334	हरदोई
6.	प्रशांत यादव	290.667	गाजीपुर
7.	ओम भुवन राय	290.667	लखनऊ
8.	अजमान खान	288	मेरठ
9.	नेहा अग्रवाल	288	फिरोजाबाद
10.	राम अवतार	287.666	आगरा

एलयू : 7 से वार्षिक परीक्षाएं, सुबह आठ बजे से मिलेगा प्रवेश

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में आगामी सात सितम्बर से परीक्षाएं शुरू हो रही हैं।

मुख्य परिसर में विश्वविद्यालय परिसर में परीक्षार्थियों को उनके प्रवेश पत्र देखकर सुबह आठ बजे द्वार संख्या 01, 02, 04 एवं 05 से अन्दर आने की व्यवस्था की गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने साफ किया है कि परिसर में प्रवेश करने समय परीक्षार्थी मास्क लगाकर आएंगे। सोशल डिस्टेन्सिंग बनाये रखेंगें।

साफ किया गया है कि परीक्षार्थी अपने साथ परीक्षा से सम्बन्धित कोई पाठ्य सामग्री, मोबाइल फोन या बैग आदि नहीं लाएंगे। निरीक्षण के समय ऐसी सामग्री पाये जाने पर उसे मुख्य द्वार से बाहर रखवा दिया जायेगा, जिसके सुरक्षा की कोई जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। यदि यह सामग्री परीक्षा-कक्ष में पाई जायेगी तो अनुचित साधन प्रयोग के अन्तर्गत उनकी परीक्षा निरस्त की जा सकती है।

PIONEER PAGE 1 and 7

एग्जाम के समय नहीं ले जा सकेंगे बैग

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (5 Sept): एलयू परिसर में स्टूडेंट्स को उनके प्रवेश पत्र देखकर सुबह आठ बजे से गेट नंबर एक, दो, चार और पांच से एंट्री दी जाएगी. इस दौरान स्टूडेंट्स को कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करना होगा. यह निर्देश शनिवार को सात सितंबर से प्रस्तावित यूजी क्लासेस के फाइनल ईयर व लास्ट सेमेस्टर के एग्जाम के लिए चीफ प्राक्टर प्रो. दिनेश कुमार ने जारी किये. परीक्षा ड्यूटी के लिए आने वाले टीचर व कर्मचारियों को कोविड 19 का पालन करते हुए गेट संख्या दो और चार से एंट्री दी जाएगी. स्टूडेंट्स अपने साथ परीक्षा से संबंधित कोई पाठय सामग्री, मोबाइल, या बैग नहीं लाएंगे. निरीक्षण के समय ऐसी सामग्री मिलने पर मुख्य द्वार से बाहर रखवा दी जाएगी, जिसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी एलयू प्रशासन की नहीं होगी अगर यह क्लास में पाई जाती है तो एग्जाम रद कर दिया जाएगा. स्टूडेंट्स अपने निर्धारित स्थल पर बैठकर ही परीक्षा देंगे. निर्धारित स्थल के अतिरिक्त अन्य जगह पर बैठकर परीक्षा देने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी.

बीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बीएड कक्षाओं में दाखिले को लेकर शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय ने संयुक्त प्रवेश-परीक्षा बीएड 2020-22 का परिणाम जारी कर दिए हैं। जारी परिणाम में सीतापुर के पंकज कुमार पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर हैं। उन्होंने 299.333 अंक प्राप्त किये हैं। वहीं सीतामढ़ी के अजय कुमार 295 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

यूपी बीएड प्रवेश परीक्षा 2020 के चेयरमैन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने नतीजों की घोषणा करते हुए बताया कि प्रवेश परीक्षा परिणाम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है। सभी अभ्यर्थी, लखनऊ विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर लॉगिन करके (जहां से अभ्यर्थियों ने अपना आनलाइन आवेदन पत्र भरा था) अपने प्राप्तांक, स्टेट रैंक, कैटेगरी रैंक प्राप्त कर सकते हैं। कुलपति/ चेयरमैन एवं राज्य समन्वयक, उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2020-22 ने बताया कि वर्तमान कोरोना महामारी के चलते परीक्षा का सुरक्षित आयोजन एक बहुत बड़ी चुनौती थी। कोरोना संक्रमण को देखते हुए प्रदेश के 73 जनपदों में परीक्षा आयोजित करायी गयी। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र को कोरोना संक्रमण से बचाने की पूरी व्यवस्था की गयी थी। परीक्षा के दोनों पालियों के पूर्व प्रत्येक परीक्षा केन्द्रपरीक्षा कक्ष को सैनेटाइज कराया गया व अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए करायी गयी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए कुल 4,31,904 अभ्यर्थी पंजीकृत हुए थे। इस प्रवेश परीक्षा परीक्षा में 3,57,701 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। 74,203 अभ्यर्थी दोनों पालियों की परीक्षा में अनुपस्थित रहे। कुल पांच अभ्यर्थी अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुए पाये गये, जिनका परीक्षाफ्ल निरस्त कर दिया गया है। कुल 356946 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा की दोनों पालियों में सम्मिलित हुए, जिनका परिणाम बेवसाइट पर प्रदर्शित किया जा रहा है।

कुलपति ने बताया कि ऑनलाइन आफ कैम्पस काउन्सिलिंग प्रक्रिया की सम्भावित तिथि एवं काउन्सिलिंग सम्बन्धित अन्य सम्पूर्ण विवरण उसी वेबसाइट पर शीघ्र ही प्रदर्शित कर दिया जायेगा। अभ्यर्थियों को विभिन्न महाविद्यालयों में सीटों का आवंटन उनके द्वारा मूल आवेदन पत्र में भरे गए विषय वर्ग के अनुसार किया जायेगा। किसी भी दशा में, किसी भी स्तर पर, विषय वर्ग परिवर्तन अनुमन्य (शेष पेज 7)

बीएड प्रवेश...

नहीं होगा। बीएड प्रवेश परीक्षा की टॉप टेन सूची में 1. पंकज कुमार (सीतापुर) 2. अजय कुमार (सीतामढ़ी) 3. अमर सिंह (आजमगढ़) 4. मनीषा मिश्रा (झांसी) 5. सुयश दीक्षित (हरदोई) 6. प्रशांत यादव (गाजीपुर) 7. ओम भुवन राय (लखनऊ) 8. मोहम्मद अजमान खान (मेरठ) 9. नेहा अग्रवाल (फिरोजाबाद) 10. राम अवतार (आगरा) हैं।

RASHTRIYA SAHARA PAGE 13

बीएड प्रवेश परीक्षा में सीतापुर के पंकज अव्वल

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

लखनऊ।

प्रदेश के बीएड महाविद्यालयों में दाखिले के लिए आयोजित संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा के नतीजों में सीतापुर के पंकज अव्वल रहे, जबकि बिहार के अजय कुमार दूसरे स्थान पर आये हैं। बालिकाओं में पहला स्थान झांसी की मनीषा मिश्रा को मिला जबकि संयुक्त मेरिट में वह चौथे स्थान पर रही। शासन की मंजूरी लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति ने बीएड प्रवेश परीक्षा परिणाम का ऐलान किया। संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा 2020-22 का परिणाम शनिवार को जारी करते हुए कुलपति आलोक कुमार राय ने बताया कि प्रवेश परीक्षा परिणाम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड किया जा रहा है। अभ्यर्थी लखनऊ विवि की वेबसाइट पर लॉग इन कर (जहां से अभ्यर्थियों ने अपना आनलाइन आवेदन पत्र भरा था) अपना प्राप्तांक, स्टेट रैक, कैटेगरी रैक प्राप्त कर सकते है।

बिहार के अजय दूसरे स्थान पर, आजमगढ़ के अमर सिंह तीसरे, झांसी की मनीषा चौथे व लखनऊ के ओम भुवन राय सातवें स्थान पर

टॉप टेन सूची

रैक नाम	अंक जिला
1-	पंकज कुमार 299.333 सीतापुर
2-	अजय कुमार 295 सीतामढ़ी
3-	अमर सिंह 294.666 आजमगढ़
4-	मनीषा मिश्रा 293.333 झांसी
5-	सुयश दीक्षित 291.334 हरदोई
6-	प्रशांत यादव 290.667 गाजीपुर
7-	ओम भुवन राय 290.667 लखनऊ
8-	मोहम्मद अजमान खान 288 मेरठ
9-	नेहा अग्रवाल 288 फिरोजावाद
10-	राम अवतार 287.666 आगरा

राय ने बताया कि ऑनलाइन आफ-कैम्पस काउंसलिंग प्रक्रिया की सम्भावित तिथि एवं काउंसलिंग सम्बन्धित अन्य विवरण उसी वेबसाइट पर शीघ्र ही जारी कर दिया जायेगा। अभ्यर्थियों को विभिन्न महाविद्यालयों में सीटों का आवंटन उनके द्वारा मूल आवेदन पत्र में भरे गए विषय वर्ग के अनुसार किया जायेगा। किसी भी दशा में किसी भी स्तर पर विषय-वर्ग परिवर्तन अनुमन्य नही होगा।

VOICE OF LUCKNOW PAGE 3

संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड में पंकज ने किया टॉप

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने शनिवार को संयुक्त प्रवेश-परीक्षा बीएड 2020-22 का परिणाम जारी कर दिये हैं। सीतापुर के पंकज कुमार ने परीक्षा में टॉप किया है। वह 299.333 अंकों के साथ प्रदेश में पहले स्थान पर रहे हैं। वहीं, सीतामढ़ी के अजय कुमार 295 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे हैं। परीक्षा के चेयरमैन कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने इन नतीजों की घोषणा की।

कुलपति ने बताया कि यह प्रवेश-परीक्षा परिणाम लविवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड किया जा रहा है। सभी अभ्यर्थी, लखनऊ विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर लॉगिन करके (जहां से अभ्यर्थियों ने अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र भरा था) अपना प्राप्तांक, स्टेट रैंक, कैटेगरी रैंक प्राप्त कर सकते हैं। कुलपति/चेयरमैन प्रो. आलोक कुमार राय एवं राज्य समन्वयक, उत्तर प्रदेश संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड-2020-22 प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि वर्तमान कोरोना महामारी के चलते परीक्षा का सुरक्षित आयोजन एक बहुत बड़ी चुनौती थी। कोरोना संक्रमण को देखते हुए प्रदेश के 73 जिलों में परीक्षा आयोजित करायी गयी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र को कोरोना संक्रमण से बचाने की पूरी व्यवस्था की गयी थी। परीक्षा के दोनों पालियों के पूर्व प्रत्येक परीक्षा केन्द्र/परीक्षा कक्ष को सैनेटाइज कराया गया व अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था सोशल-डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए करायी गयी।

पांच के परीक्षा फल निरस्त : परीक्षा के लिए कुल 4,31,904 अभ्यर्थी पंजीकृत हुये थे। इस प्रवेश परीक्षा परीक्षा में 3,57,701 अभ्यर्थी सम्मिलित हुये। 74,203 अभ्यर्थी दोनों पालियों की परीक्षा में अनुपस्थित रहे। कुल पांच अभ्यर्थी अनुचित साधनों का प्रयोग करते हुये पाये गये, जिनका परीक्षाफल निरस्त कर दिया गया है। कुल 356946 अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा की दोनों पालियों में सम्मिलित हुये, जिनका परिणाम बेवसाइट पर प्रदर्शित किया जा रहा है। कुलपति ने बताया कि ऑनलाइन आफ-कैम्पस काउंसिलिंग प्रक्रिया की संभावित तिथि एवं काउंसिलिंग संबंधित अन्य सम्पूर्ण विवरण उसी वेबसाइट पर शीघ्र ही प्रदर्शित कर दिया जायेगा। अभ्यर्थियों को विभिन्न महाविद्यालयों में सीटों का आवंटन उनके द्वारा मूल आवेदन पत्र में भरे गये विषय वर्ग के अनुसार किया जायेगा। किसी भी दशा में, किसी भी स्तर पर, विषय-वर्ग परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा।

● लविवि ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड का परिणाम किया जारी

टॉप-10 सूची

रैंक	नाम	अंक	जिला
1	पंकज कुमार	299.333	सीतापुर
2.	अजय कुमार	295	सीतामढी
3.	अमर सिंह	294.666	आजमगढ
4.	मनीषा मिश्रा	293.333	झांसी
5.	सुयश दीक्षित	291.334	हरदोई
6.	प्रशांत यादव	290.667	गाजीपुर
7.	ओम भुवन राय	290.667	लखनऊ
8.	मो.अजमान खान	288	मेरठ
9.	नेहा अग्रवाल	288	फिरोजाबाद
10.	राम अवतार	287.666	आगरा

काउंसिलिंग को लेकर छात्र परेशान : लविवि ने शनिवार को बीएड प्रवेश परीक्षा 2020 का परिणाम घोषित कर दिया है लेकिन काउंसिलिंग की प्रक्रिया व तारीख को आगे बढ़ाने को लेकर विवि प्रशासन मंथन की दशा में है। बता दें कि काउंसिलिंग को लेकर छात्र काफी परेशान हैं। खासतौर से वे छात्र जिनकी अभी स्नातक की परीक्षायें होनी है और उन्होंने बीएड प्रवेश परीक्षा दी थी। ऐसे में उन्हें डर है कि वे सरकारी कॉलेज में दाखिला मिलने से वंचित रह जाएंगे।

लविवि प्रशासन काउंसिलिंग को लेकर शासन से करेगा बात : बीएड प्रवेश परीक्षा 2020 की काउंसिलिंग 21 सितंबर से शुरू होनी है। जिसके लेकर स्नातक के अंतिम वर्ष के छात्र काफी परेशान हैं। इस समस्या को देखते हुए लविवि काउंसिलिंग की तारीख आगे बढ़ाने पर मंथन कर रहा है। बीएड प्रवेश परीक्षा राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि छात्रों की समस्या को देखते हुए हम शासन के अधिकारियों से काउंसिलिंग की तारीख को आगे बढ़ाने के संबंध में बात करेंगे हालांकि उन्होंने बताया कि हम काउंसिलिंग की तारीख को 10 दिन आगे बढ़ाने पर विचार कर रहे हैं।

पहले चरण में 50 हजार छात्र होंगे शामिल : राज्य समन्वयक प्रो. बाजपेयी ने बताया कि कोविड-19 को देखते हुए काउंसिलिंग ऑनलाइन करावायी जाएगी। काउंसिलिंग के पहले चरण में करीब 50 हजार छात्रों को शामिल किया जायेगा।

परीक्षार्थियों को कोरोना नियम से मिलेगा प्रवेश

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में परीक्षार्थियों को उनके प्रवेश-पत्र देखकर सुबह आठ बजे से एक, दो, चार और पांच से अंदर आने की व्यवस्था की जायेगी और विश्वावद्यालय परिसर में प्रवेश करने समय समस्त परीक्षार्थी कोविड-19 को दृष्टिगत रखते हुये मास्क लगाकर आयेंगे और सोशल डिस्टेंसिंग बनाये रखेंगें।

यह निर्देश शनिवार को सात सितम्बर से प्रस्तावित स्नातक कक्षाओं की वार्षिक अंतिम वर्ष व अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिये लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राक्टर प्रो. दिनेश कुमार की ओर से जारी हुये है।

निर्देश के अनुसार परीक्षा ड्यूटी के लिए आने वाले शिक्षक व कर्मचारी भी कोविड-19 के पालन करते हुए द्वार संख्या दो और चार पर अपने वाहन

● स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा सात से
● लविवि प्राक्टर ने जारी किये निर्देश

रखने के बाद परिसर में प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षार्थी अपने साथ परीक्षा से संबंधित कोई पाठय-सामग्री, मोबाइल फोन या बैग आदि नहीं लायेंगे। निरीक्षण के समय ऐसी सामग्री पाये जाने पर उसे मुख्य द्वार से बाहर रखवा दिया जाय। जिसकी सुरक्षा की कोई जिम्मेदारी विवि प्रशासन की नहीं होगी यदि वह सामग्री परीक्षा-कक्ष में पायी जायेगी तो अनुचित साधन प्रयोग के तहत उनकी परीक्षा निरस्त की जा सकती है। परीक्षार्थी अपने निर्धारित स्थल पर बैठकर ही परीक्षा देंगे। निर्धारित स्थल के अतिरिक्त अन्य जगह पर बैठकर परीक्षा देने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। परीक्षा समाप्ति के बाद परीक्षार्थी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये परिसर से बाहर प्रस्थान करेंगे। परीक्षा अवधि में अनाधिकृत रूप से परिसर में प्रवेश करने वालो के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी।

कलाकारों की कलाकृतियां हुई प्रदर्शित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आज स्थानीय कला एवं शिल्प महाविद्यालय, ललित कला संकाय में सेवारत समस्त शिक्षकों/विषय-विशेषज्ञों तथा तकनीकी सहायकों ने शिक्षक दिवस के अवसर पर अपने शिक्षकों तथा छात्रों को याद करते हुए कोरोना महामारी की विषमताओं को देखते हुए एक ऑनलाइन मशहूर कलाकारों की कलाकृतियों को प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी का प्रसारण यूट्यूब, फेशबुक तथा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर आम लोगों के लिए उपलब्ध होगा। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले कलाकारों में प्रो. आलोक कुमार, डॉ. संजीव किशोर गौतम, डॉ. पूनम रवि जायसवाल, डॉ. रविकान्त पाण्डेय, डॉ. विभावरी सिंह, प्रो. लालजीत अहीर, प्रो. धर्मेन्द्र कुमार, सुश्री सारिका वर्मा, श्री जय किशोर, श्री कमल आर्या, श्रीमती किरन आर्या, श्रीमती सुषमा वर्मा, श्रीमती कीर्ति वर्मा, श्रीमती वन्दना प्रजापति ने अपनी कलाकृतियाँ प्रदर्शित कीं।

AMRIT VICHAR PAGE 3

तैयारी पूरी | लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने जारी की गाइडलाइन, कॉलेजों में न होने पाये लापरवाही

एलयू की अंतिम वर्ष की परीक्षाएं कल से

अमृत विचार लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय ने में स्नताक और परास्स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षाएं सात सितंबर से शुरू हो जायेंगी। इस संबंध में विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपनी गाइडलाइन जारी कर दी है। साथ ही संबद्ध कॉलेजों को दिशा निर्देश भी दिए हैं कि परीक्षा के दौरान कोई लापरवाही न होने पाये और कोविड—19 की नियमावली का पालन किया जाना चाहिए। इस बारे में जानकारी देते

हुए विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया सभी को नियमों का पालन करना होगा। इसके साथ ही बाहरी व्यक्तियों पर पूरी तरह से प्रवेश लगा दिया गया है।

परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम

विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। एमबीए चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 14 से 23 सितंबर तक होगी। एमकॉम चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 28 सितंबर से पांच अक्टूबर तक, एमकॉम (एप्लाइड इक्नॉमिक्स) चौथे सेमेस्टर की परीक्षा 28 सितंबर से छह अक्टूबर। इनके साथ अन्य विषयों का परीक्षा कार्यक्रम भी विवि की वेबसाइट पर अपलोड है।

6 सितंबर तक अपलोड कर सकेंगे दस्तावेज

लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक में प्रवेश के लिए आवेदन करने वाले छात्रों को एक और मौका दिया है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने अभी तक अपने दस्तावेज विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड नहीं किए हैं, वह छह सितंबर तक अपने स्वप्रमाणित दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं। कोरोना संक्रमण के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए एलयू प्रशासन ने मेरिट से प्रवेश देने का फैसला लिया था।

12 केंद्रों पर लॉ की परीक्षा, वेबकास्टिंग से निगरानी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने विधि संकाय के एलएलबी अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए 12 केंद्र बनाए हैं। उनकी सूची गुरुवार को जारी की गई। इस बार की परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। विवि प्रशासन ने परीक्षा की वेबकास्टिंग का फैसला लिया है। लविवि ने पिछले वर्ष लॉ पेपर लीक कांड से सबक लेते हुए इस वर्ष यह फैसला लिया है। परीक्षाओं की निगरानी सीसीटीवी कैमरे से की जाएगी। वाइस भी रिकॉर्ड की जाएगी।

इन केंद्रों पर होंगी परीक्षाएं

लविवि, शिया पीजी, केकेसी कॉलेज, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर लॉ कॉलेज, डीएवी कॉलेज, लखनऊ लॉ कॉलेज, मुमताज पीजी कॉलेज, नर्वदेश्वर लॉ कॉलेज, मॉ वैष्णों देवी लॉ कॉलेज, यूनिटी डिग्री कॉलेज, हीरा लाल यादव लॉ कॉलेज, गीता लॉ कॉलेज।

TOI PAGE 3

Students use virtual mode to thank, honour teachers

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: To celebrate the efforts of teachers to help children quickly adapt to new teaching methods in times of coronavirus pandemic, city schools and students marked Teacher's Day with virtual meetings, online cultural programmes and exhibitions.

Unlike previous years when students used to celebrate the day with handmade cards, dance performances and speeches dedicated to their favourite teachers, educational institutes zoomed in on web conference applications to appreciate the efforts of teachers who, despite facing problems like technical glitches during online classes, lack of equipment and salary deductions, made sure that they perfom their job with dedication.

While most of the schools held virtual meetings between students and teachers, some institutions conducted live-streaming of cultural performances.

Children thanked teachers with videos, picture collages, and speeches.

At City International School, Indiranagar, the highlight of the celebrations was Bharatnatyam performance by Padmashri Geeta Chandran. Her performance was dedicated to Lord Shiva, considered as the universal guru.

The City Montessori School live-streamed the programme in which teachers were felicitated for their efforts. A short movie was screened in the honour of school's staff, teachers and students, followed by messages by the principals of various branches.

Professors of Lucknow College of Arts and Crafts, affiliated to Lucknow University, organised an exhibition on the campus which was live-streamed on social media platforms. Observing social distancing and Covid-19 protocols, the faculty members remembered Savitri Bai Phule, regarded as the first female teacher of India.

Kindergarten students of Seth MR Jaipuria School in Gomtinagar wished their teachers with a video showcasing their love for teachers.

-With inputs from Godhooli Sharma, Raghav Duggal, Vidushi Agarwal



An exibition was organised by the professors of Lucknow college of arts and crafts; (Right) A collage made by NEET students